अमित शाह

गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

## संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि **राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग** द्वारा दिनांक 10 दिसम्बर, 2022 को **"मानव अधिकार दिवस"** मनाया जा रहा है जिसका थीम "Dignity, freedom and justice for all" है।

हमारे संविधान की प्रस्तावना न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर जोर देती है। ये चार शब्द मानव अधिकारों की पूरी श्रृंखला को खूबसूरती से समेटे हुए है। मानव अधिकार दिवस का प्राथमिक उद्देश्य मानव अधिकारों पर चर्चा करना और लोगों को मानव अधिकारों के बारे में जागरूक करना भी है। मानव अधिकारों के सम्मान से ही हम एक समाज के रूप में विकसित होते हैं।

आज का दिवस हमें एक मानव होने का अर्थ और मानवजाति की बुनियादी गरिमा को बढ़ाने में हमारी भूमिका पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है। मुझे आशा है कि भारत के सभी नागरिक भेदभावों से ऊपर उठकर सभी के मानव अधिकारों का संरक्षण करेंगे। मानवाधिकार के अंतर्राष्ट्रीय घोषणा पत्र के अमृतकाल में हम सभी देशवासी पुनः मानव अधिकारों के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्धता प्रकट करते हैं।

मैं, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मानव अधिकार दिवस पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

**(अमित शाह)**

**न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा,**
**अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग**

कार्यालय : गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लाक, नई दिल्ली-110001
दूरभाष : 23092462, 23094686, फैक्स : 23094221
ई-मेल : hm@nic.in